किसी एक फर्म के निर्गत का निर्णय अनिवार्य रूप से बाज़ार कीमत तथा अन्य फर्मों के द्वारा बेची गई मात्रा अर्थात् कुल संप्राप्ति को भी प्रभावित करेगा। अत: केवल यह अपेक्षा की जाती है कि अपने लाभ को बचाने के लिए प्रतिक्रिया व्यक्त करेंगे। यह प्रतिक्रिया नये निर्णयों के द्वारा उनके निर्गत की मात्रा तथा कीमत के संबंध में होगी। इस सिद्धांत को स्थापित करने की कई विधियाँ हैं। हम दो विधियों की संक्षेप में व्याख्या करेंगे।

प्रथम: द्वि-अधिकारी फर्म आपस में साँठ-गाँठ कर यह निर्णय ले सकता है कि वे एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे और एक साथ दोनों फर्मों के लाभ को अधिकतम स्तर तक ले जाने का प्रयत्न करेंगे। इस स्थिति में दोनों फर्म एकल एकाधिकारी की तरह व्यवहार करेंगे, जिनके पास दो अलग-अलग वस्तु का उत्पादन करने वाले कारखाने होंगे।

द्वितीय: एक ऐसे द्वि-अधिकार की स्थिति को लीजिए, जिसमें दो फर्मों में प्रत्येक यह निर्णय लेता है कि अपने लाभ को अधिकतम करने के लिए वह वस्तु की कितनी मात्रा का उत्पादन करे। यहाँ यह मान लिया जाता है कि उनकी वस्तु की मात्रा की पूर्ति को कोई अन्य फर्म प्रभावित नहीं करेंगे।

हम एक सरल उदाहरण के प्रयोग द्वारा इस प्रभाव की परीक्षा कर सकते हैं, जिसमें द्वि-अधिकारी फर्म की लागत शून्य हो। खंड 6.1.4 में शून्य लागत की सामान्य स्थिति में एकाधिकार की स्थिति में एक ऐसी ही स्थिति पर पहले भी विचार किया गया है। याद कीजिए कि वहाँ पर हमने स्थिति को सरल रेखीय माँग वक्र के माध्यम से दर्शाया है। शून्य कीमत पर उपभोक्ता की माँग की अधिकतम मात्रा 20 इकाइयाँ थी और यह पूर्ण प्रतिस्पर्धात्मक बाज़ार संरचना में संतुलन की स्थिति थी। एकाधिकारी संरचना में 5 रु॰ की कीमत पर पूर्ति की मात्रा 10 इकाइयाँ थी। द्रष्टव्य है कि जब माँग वक्र सरल रेखा में है और कुल लागत शून्य है तो एकाधिकारी वस्तु की अधिकतम मात्रा को आधी मात्रा की पूर्ति से अधिक लाभप्रद पाता है। आइए, इसी उदाहरण का प्रयोग दो द्वि-अधिकारी फर्मों की स्थिति में परिणाम की जाँच के लिए करें। यहाँ दो फर्म A और B हैं जो उपर्युक्त विधि से व्यवहार करते हैं।

कल्पना कीजिए कि फर्म B वस्तु की शून्य इकाई की पूर्ति करती है और फर्म A मानती है कि अधिकतम माँग 20 इकाइयाँ है, इसलिए वह इसकी आधी अर्थात् 10 इकाइयों की पूर्ति का निर्णय लेगी। दिया हुआ है कि फर्म 10 इकाइयों की पूर्ति कर रही है और फर्म B मानती है कि अधिकतम माँग 20 इकाइयों में से 10 इकाइयों की (अर्थात् 20–10) माँग अब भी विद्यमान हैं। अत: इसकी आधी पूर्ति अर्थात् 5 इकाइयों की पूर्ति करेगी। चूँकि फर्म B की पूर्ति शून्य से 5 हो गई है, इसीलिए फर्म A यह समझती है कि कुल माँग 15 इकाइयाँ (अर्थात् 20–5) और इसकी आधी पूर्ति अर्थात् 7.5 इकाइयाँ हैं। इस तरह, दोनों फर्मों में एक-दूसरे के प्रति संचलन जारी रहेगी। द्रष्टव्य है कि इससे संतुलन प्राप्त होगा। आइए, इन चरणों की परीक्षा करें।

अत: दोनों फर्म अंतत: निम्नलिखित के बराबर निर्गत की पूर्ति करेंगे।

$$\frac{20}{2} \quad \frac{20}{4} \quad \frac{20}{8} \quad \frac{20}{16} \quad \frac{20}{32} \quad \frac{20}{64} \quad \frac{20}{128} \cdots \quad \frac{20}{3}$$

बाज़ार में पूर्ति की कुल मात्रा दोनों फर्मों की पूर्ति की मात्रा के योग के बराबर है।

$$\frac{20}{3} \quad \frac{20}{3} \quad 2 \quad \frac{20}{3}$$

© NCERT not to be republished

